| | |
|---|---|
| | आई टी एल पब्लिक स्कूल<br>पूर्व सामयिक परीक्षा 1 (2026-27)<br>विषय- हिंदी |

| | |
|---|---|
| दिनांक ः **2026** | कक्षाः चतुर्थ |
| समय ः **1** घंटा | नाम ः ------ |
| अनुक्रमांक ः --- | |

सामान्य निर्देश-1)इस पूर्व अभ्यास पत्र में **2** पृष्ठ, **4** भाग और कुल **6** प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क पठन कौशल | |
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br>सरदार भगत सिंह का जन्म **28** सितंबर **1907** को पंजाब के जिला लायलपुर में बंगा गाँव (अब पाकिस्तान में है) के एक देशभक्त सिख परिवार में हुआ था।इनके पिता का नाम सरदार किशन सिंह और माता का नाम विद्यावती कौर था।इनके परिवार पर आर्य समाज और महर्षि दयानंद के विचारों का गहरा प्रभाव था। भगत सिंह के जन्म के समय इनके पिता व दोनों चाचा अजीत सिंह तथा स्वर्ण सिंह अंग्रेजों के ख़िलाफ होने के कारण जेल में बंद थे। कहा जाता है कि जब भगत सिंह **14** वर्ष के थे तब से ही क्रांतिकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने लगे थे।अमृतसर में **13** अप्रैल को हुए जलियाँवाला कांड ने भगत सिंह की सोच पर गहरा प्रभाव डाला और इसी घटना से प्रभावित भगत सिंह ने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़कर भारत की आज़ादी के लिए नौजवान भारत सभा की स्थापना की। | |
| | (क)भगत सिंह का जन्म कहाँ हुआ था ?<br>(अ)लायलपुर गाँव में (ब)भारत सभा में<br>(स) जलियाँवाला गाँव में (द) बंगा गाँव में | |
| | (ख) चाचा अजीत सिंह तथा स्वर्ण सिंह अंग्रेजों के ख़िलाफ होने के कारण कहाँ बंद थे ?<br>(अ)अमृतसर में (ब) जेल में<br>(स)गुफा में (द)पंजाब में | |
| | (ग) किस घटना ने भगत सिंह की सोच पर गहरा प्रभाव डाला ? | |
| | (घ) भगत सिंह ने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़कर क्या किया ? | |
| | भाग -ख (भाषा कौशल) | |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित शब्दों के दो- दो पर्यायवाची लिखिए।<br>(क) पुस्तक (ख) धरती (ग) बादल | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 3 | कोष्ठक में दिए गए शब्द का विलोम रिक्त स्थान में लिखिए।<br>(क) चित्र बनाना मेरे लिए बहुत ..................... काम है। (सरल)<br>(ख) यह वृक्ष सबसे................. है। (लघु)<br>(ग) भारत के लोग आपस में ......... से रहते हैं। (अनेकता)<br>(घ) छोटा बालक अपना मनपसंद उपहार मिलने पर ............... हुआ। (अप्रसन्न) | |
| | भाग-ग साहित्य कौशल | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए।<br>(क) कविता 'चिड़िया का गीत' के कवि का नाम लिखिए?<br>(ख) घोंघा को बगीचे के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुँचने में कितने दिन लगते थे व क्यों?<br>(ग) घोंघे ने पहली बार कैसी चींटी को देखा था?<br>(घ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।<br>1) सुकुमार - 2) पसार- | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए।<br>(क) घोंघे ने ऐसा क्यों कहा होगा कि उद्यान में सब कुछ धीरे-धीरे चलता है ?<br>(ख) प्रायः सुबह शाम पक्षियों की आवाज़ सुनाई देती है ऐसा क्यों होता है ? | |
| | भाग घ- लेखन कौशल | |
| प्रश्न 6 | किसी एक विषय पर 10 से 12 पंक्तियों में अनुच्छेद लिखिए।<br>ग्रीष्म ऋतु<br>या<br>बाल दिवस | |